हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

11 पल्स पोलियो और स्टॉप डायरिया अभियान की तैयारियां हुई तेज

11 वकालत एक नोबल प्रोफेशन है, इसे ईमानदारी के साथ निभाइए

खबर संक्षेप

योग अभ्यास कार्यक्रम आज

नारनौल। हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की कड़ी में 13 जून को बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटीकरा के प्रांगण में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रातः छह बजे से आठ बजे तक आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

दो दिवसीय आंदोलनकारी स्कूलिंग आज से

नारनौल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ संबंधित अखिल भारतीय सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की 13–14 जून को प्रातः 10 बजे जिला स्तरीय स्कूलिंग यादव धर्मशाला नारनौल में होगी। इस आंदोलनकारी स्कूलिंग में रिटायर्ड कर्मचारी संघ भी भाग लेगा। 13 जून को जनवादी कार्यप्रणाली पर जनरल सिंह एवं कर्मचारी आंदोलन और राजनीति पर वीरेंद्र मलिक मुख्य वक्ता होंगे। 14 जून को सांप्रदायिकता और जातिवाद पर जनरल सिंह एवं ऐतिहासिक भौतिकवाद दर्शन पर वीरेंद्र मलिक मुख्य वक्ता होंगे।

ब्राह्मण समाज की बैठक कल

नारनौल। जिला गौड़ ब्राह्मण सभा के तहत ब्राह्मण बंधुओं व कॉलेजियम सदस्यों से रविवार प्रातः 10 बजे जिला गौड़ ब्राह्मण सभा भवन आजाद चौक में आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इस संबंध में सभा सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ठेकेदार ने बताया कि हाल ही में सुरेंद्र यादव डुलाना की ओर से ब्राह्मण समाज के कुछ नेताओं के संबंध में लगाए गए आरोपों व विभिन्न सार्वजनिक टिप्पणियों के संदर्भ में समाज के बीच विचार विमर्श एवं आगामी रणनीति तय करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है।

ट्यूबवेल से सौर ऊर्जा का कीमती पाइप चोरी

महेंद्रगढ़। थाना सदर महेंद्रगढ़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में रात के समय ट्यूबवेल से सौर ऊर्जा कंपनी का कीमती पाइप चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जासावास निवासी संतकुमार ने थाना सदर में एक लिखित शिकायत देकर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करने और चोरी का सामान बरामद करने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित संतकुमार ने दी शिकायत में बताया कि वह अपने खेत में ट्यूबवेल बनाकर रहते हैं।

नांगल चौधरी की महत्वाकांक्षी पेयजल आपूर्ति योजना पर काम प्रारंभ

- वर्ष 2045 तक की पेयजल आवश्यकता को देखते हुए बनायी गई है योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पिछले विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा सरकार ने नांगल चौधरी हलके की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए 356 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आकलन के साथ एक महत्वाकांक्षी पेयजल योजना स्वीकृत की थी। नांगल चौधरी हलका लहरोदा जल आपूर्ति योजना के अंतिम छोर पर होने की वजह से यहां पीने के पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव की पहल व अनुशंसा पर जन स्वास्थ्य विभाग ने इस योजना का खाका तैयार करके इस पर सरकार से स्वीकृति प्राप्त की गई थी। अब इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है और मुख्य पाइप लाइन डालने का काम प्रारंभ हो गया है। यह योजना मूल रूप से चार मुख्य हिस्सों में बांटी गई है। पहले भाग में रेवाड़ी रोड के साथ से प्रारंभ होकर नोलपुर डिस्ट्रिब्यूट्री के साथ साथ सिरोही बहाली तक मुख्य आपूर्ति लाइन डाली जाएगी। यह लाइन नांगल चौधरी हलके के लिए उस स्थान से नहरी पानी लेगी जहां नहर की आपूर्ति की पूरी अवधि में पानी उपलब्ध रहता है। सिरोही बहाली में लगभग 15 एकड़ जमीन में एक बड़ा जल आपूर्ति केंद्र होगा, जो मूलोदी से लेकर भुंगारका व सिरोही बहाली तक नागल चौधरी हलके के के सभी गांवों को जल आपूर्ति करेगा। दूसरे भाग में सिरोही बहाली से अगला जल आपूर्ति केंद्र शहरी क्षेत्र को जल आपूर्ति के लिए मोहनपुर में बनेगा, जो नांगल चौधरी नगर पालिका और इसमें सम्मिलित गांवों व ढाणियों और साथ लगते कुछ गांवों को जल आपूर्ति करेगा। नांगल चौधरी शहर लहरोदा जल सप्लाई से जोड़ने के उपरांत भी हमेशा पानी की कमी झेलता रहा है। अब शहर की इस समस्या का निदान मोहनपुर जल आपूर्ति से होगा।

पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए 356 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आकलन के साथ एक महत्वाकांक्षी पेयजल योजना स्वीकृत की थी।

नारनौल। पेयजल आपूर्ति योजना पर कार्य हुआ शुरू। फोटो : हरिभूमि

नई जल लाइन से मिलेगी राहत

वहीं तीसरे भाग में मोहनपुर से आगे नहरी पानी की यह लाइन आसरावास गांव तक जाएगी, जहां एक बड़ा जल आपूर्ति केंद्र बनाया जाएगा। यह परियोजना बहरोड़ एवं कोटपूतली रोड के साथ लगते हुए सभी गांवों को पीने के पानी की सप्लाई करेगी। इसके अलावा चौथे भाग में सिरोही बहाली से एक आपूर्ति लाइन नांगल दर्गु स्थित जल भंडार को जोड़ते हुए मूसनोता गांव के ऊपर ढाणी रावता के पास स्थित पंचायत भूमि तक जाएगी। जहां एक बड़ा जल आपूर्ति केंद्र बनाया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्र के गांवों को जल आपूर्ति होगी। जिसमें मुख्य रूप से बायल, ढाणी रावता, गोलवा, रोपड़ सराय, पाचनोता व नियाज अलीपुर आदि गांव व उनके साथ लगती ढाणियां सम्मिलित होंगी।

क्या कहते है पूर्व सिंचाई मंत्री

पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने बताया कि इस योजना को बनाते समय अगले बीस वर्ष की जनसंख्या की आवश्यकता को देखते हुए इसका आधार भूत ढांचा तैयार किया जाएगा। इसके लिए नहरी पानी की आपूर्ति ऐसी जगह से की जा रही है, जहां महीने में 15 दिन पानी उपलब्ध रहता है। अतः इन भविष्य के जल भंडारों में पानी की हमेशा बहुतायत रहेगी। यह परियोजना अगले दो साल की अवधि में पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास एक लगातार चलने वाले प्रक्रिया है, जिसे सभी को मिलकर आगे बढ़ाते रहना चाहिए।

152 डी पर महेंद्रगढ़ में भीषण सड़क हादसा

दुर्घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और कई यात्री बस में फंस गए

ड्राइवर को आई नींद, खड़े ट्रक में जा घुसी वोल्वो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर महेंद्रगढ़ के बुचावास कट के पास शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी वोल्वो बस के चालक और परिचालक की मौत हो गई, जबकि 16 यात्री घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि लोहे के एंगल से लदे ट्रक के पीछे घुसने के बाद बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक में लदे लंबे लोहे के एंगल बस को चीरते हुए अंदर तक घुस गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस मौके पर पहुंचे तथा बचाव अभियान शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के मनाली से राजस्थान के जयपुर जा रही एक वोल्वो बस शुक्रवार भोर के समय राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर बुचावास कट के समीप पहुंची थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े लोहे के एंगल से लदे ट्रक से बस की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक में लदे लोहे के लंबे एंगल बस की विंडशील्ड और आगे के ढांचे को तोड़ते हुए अंदर तक पहुंच गए, जिससे जयपुर के विजयनगर निवासी चालक 30 वर्षीय सोमवीर व 31 वर्षीय परिचालक दिलखुश की मौके पर हीं मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। दुर्घटना के कारण बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री सीटों के बीच फंस गए थे, जबकि कुछ घायल अवस्था में मदद के लिए पुकार रहे थे। बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण दरवाजा नहीं खुल सका, जिसके चलते बचाव दल को यात्रियों को बस की खिड़कियों के माध्यम से बाहर निकालना पड़ा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना में बस चालक और परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के शवों को काफी मशक्कत के बाद बस के क्षतिग्रस्त हिस्से से बाहर निकाला गया। वहीं 16 यात्रियों को चोटें आई हैं। घायलों में पुरुष, महिलाएं शामिल रहे। हादसे के बाद सभी घायलों को नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ लाया गया। चिकित्सकों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि बस में सवार अधिकांश यात्री राजस्थान के जयपुर शहर के हैं। वे मनाली और आसपास के स्थलों की यात्रा के बाद वापस जयपुर लौट रहे थे। हादसे के समय अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। अचानक हुए जोरदार धमाके और बस के झटके से यात्री घबरा गए।

महेंद्रगढ़। घायलों का हालचाल जानती डीसी अनुपमा अंजली व एसपी दीपक व बचाव कार्य में लगे पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

बस का अगला हिस्सा टूटा

टूरिस्ट तेजस्वी मिश्रा ने बताया कि बस सामान्य गति से चल रही थी। अचानक जोरदार आवाज आई और बस रुक गई। जब उन्होंने आगे देखा तो बस का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट चुका था और लोहे के एंगल अंदर तक घुसे हुए थे। कई लोग अपनी सीटों से गिर गए थे और चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी। कुछ यात्रियों ने एक-दूसरे की मदद कर बाहर निकलने का प्रयास किया। पुलिस प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

यह यात्री हुए घायल

इस हादसे में जयपुर के विजयनगर निवासी ड्राइवर सोमवीर (30) और कंडक्टर दिलखुश (31) की मौत हो गई। अधिकांश घायल भी जयपुर के ही रहने वाले हैं। घायलों में जयपुर के नलिन जैन (40), प्रतीक (28), सुरेंद्र (49), सुभाष चंद्र (38), आशीष (44), यशस्वी (29), वसीम अख्तर (46), अभिमन्यु (38), आशुतोष (27), अविनाश (24), गौरव (25), प्रियंका (28) और प्राची (25) शामिल हैं। इनके साथ ही चंडीगढ़ के सोहन (30), राजस्थान के दोसा के रोहित (30) व पावटा की खुशी (18) भी घायल हुई है।

दो बच्चों का पिता था ड्राइवर सोमवीर

हादसे का शिकार हुए ड्राइवर सोमवीर के बड़े भाई मुकेश ने बताया कि वे दोनों ड्राइवरी का काम करते हैं। सोमवीर काफी समय से ड्राइवरी कर रहा था। सोमवीर के दो लड़के हैं, जिनमें एक तीन साल और दूसरा 5 साल का है। उन्होंने बताया कि दिलखुश अविवाहित था, वह भी सोमवीर के ही गांव का था। हादसे की सूचना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

गहरा सदमा पहुंचा

इस दर्दनाक हादसे ने यात्रियों और उनके परिजनों को गहरा सदमा पहुंचाया है। एकतरफ दो लोगों की जान चली गई, वहीं दो परिवारों की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। प्रशासन और पुलिस की टीमें राहत कार्य के साथ-साथ दुर्घटना की जांच में जुटी हुई हैं।

डीसी व एसपी पहुंचे अस्पताल

उपायुक्त अंजलि अनुपमा और एसपी दीपक अस्पताल पहुंचे तथा घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए और परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती यात्रियों से बातचीत कर हादसे की जानकारी भी ली। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया था। सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया है और उनके उपचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

डीसी ने दिए मुफ्त इलाज के निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर बुचावास गांव के समीप हुए बस हादसे के बाद घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त अनुपमा अंजली तुरंत महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल पहुंची। उन्होंने हादसे में घायल हुए यात्रियों के स्वास्थ्य के बारे जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक घायल के पास जाकर उनका हौसला बढ़ाया और प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस संवेदनशील मामले में तत्परता दिखाते हुए उपायुक्त ने अस्पताल प्रशासन और सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार सहित डॉक्टरों की पूरी टीम को निर्देश जारी किए कि सभी घायलों को दवाइयां, टेस्ट और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त और तुरंत उपलब्ध कराई जाएं। यदि किसी मरीज की स्थिति गंभीर होती है और उसे हायर सेंटर रेफर करने की आवश्यकता पड़ती है, तो उसके लिए भी एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी दुर्घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई करने, मृतकों के शवों का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराने तथा यात्रियों के परिजनों को सूचित कर उन्हें हर जरूरी सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

पूरा अमला रहा साथ

अस्पताल में डीसी के साथ पुलिस अधीक्षक दीपक, महेंद्रगढ़ के एसडीएम योगेश सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैजल खान, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार के अलावा चिकित्सकों टीम मौजूद रही।

गूगल से मिला नंबर पड़ा भारी, डॉक्टर के खाते से किया हजारों रुपये साफ

- फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को नर्सिंग होम का कर्मचारी बताया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर मात्र पांच रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव सिहमा निवासी डॉ. सुभाष के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने उनके बैंक खाते से करीब 33 हजार रुपये निकाल लिए। यह पूरी घटना इसी माह आठ जून से 11 जून के बीच कि है, जिसने एकबार फिर ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार आठ जून को डॉ. सुभाष ने गूगल पर सर्च करके नारनौल के एक नर्सिंग होम का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। उन्होंने उस नंबर पर संपर्क कर इलाज के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने की प्रक्रिया शुरू की। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को नर्सिंग होम का कर्मचारी बताया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर मात्र पांच रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। छोटी राशि होने के कारण डॉक्टर को कोई संदेह नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत भुगतान कर दिया। इसके बाद उनके व्हाट्सएप पर रजिस्ट्रेशन कन्फर्मेशन का एक मैसेज भी भेजा गया, जिससे उन्हें पूरा भरोसा हो गया कि प्रक्रिया सही तरीके से पूरी हो चुकी है। हालांकि इसी दौरान ठगों ने उनकी बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर ली। वहीं नौ जून को डॉ. सुभाष ने अपने एक रिश्तेदार को 5400 रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके बाद 11 जून की सुबह करीब आठ बजे अचानक उनके खाते से 29 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। इसके तुरंत बाद ही 3 हजार 127 रुपये की एक और ट्रांजेक्शन हो गई। लगातार पैसे कटने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। घटना का पता चलते ही डॉ. सुभाष तुरंत सिहमा के पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे, जहां उन्होंने अपने खाते की पूरी ट्रांजेक्शन हिस्ट्री निकलवाई।

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए पोर्टल कारगर

- उपायुक्त ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत सरकार की ओर से कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए शी-बॉक्स पोर्टल बनाया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षित सम्मानजनक एवं भेदभाव मुक्त कार्यस्थल उपलब्ध करवाना प्रत्येक संस्थान की जिम्मेदारी है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा सी पोर्टल सेक्सुअल हैरेसमेंट इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से किसी भी महिला कर्मचारी को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। यह पोर्टल शिकायतों को संबंधित आंतरिक समिति इंटरनल कमेटी अथवा स्थानीय समिति लोकल कमेटी तक पहुंचाने एवं उनके निपटारा करने पर निगरानी रखने में सहायक है।

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने सभी महिला कर्मचारी अधिकारियों एवं श्रमिकों से कहा है कि वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे तथा किसी भी प्रकार के कार्यस्थल यौन उत्पीड़न की स्थिति में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का उपयोग करें। साथ ही सभी सरकारी एवं निजी संस्थान पोस एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता अनुसार आंतरिक समिति का गठन करें एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

आंधी तूफान से रेलमार्ग बाधित: 3 घंटे तक खड़ी रही दुरंतो व सालासर सुपरफास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

वीरवार की शाम को क्षेत्र में आए भयंकर आंधी तूफान के कारण सतनाली रेवाड़ी रेलमार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया, जिससे दो महत्वपूर्ण ट्रेनें घंटों तक सतनाली रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। ट्रैक बाधित होने के कारण 12259 दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस व 22422 सालासर सुपरफास्ट एक्सप्रेस लगभग ढाई से तीन घंटे तक स्टेशन पर रुकी रही। जिससे सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सतनाली रेलवे स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था की भी कमी उजागर हुई, जिसको दुरुस्त करने के लिए सतनाली रेल सेवा समिति की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है। सतनाली सेवा समिति के प्रधान दीवान सिंह ने बताया कि रेलमार्ग बाधित होने के कारण स्टेशन पर ट्रेनों के रूके रहने की जानकारी मिलते ही तुरंत समिति सदस्य, सतनाली व्यापार मंडल व आरएसएस सहित विभिन्न संगठन बड़ी संख्या में समाजसेवी रेलवे स्टेशन पहुंच गए और यात्रियों की सेवा में जुट गए। समाजसेवियों ने स्टेशन पर पानी की व्यवस्था कर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराया तथा अन्य आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया। लंबे समय तक ट्रेनों के खड़े रहने से परेशान यात्रियों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। ट्रैक शुरू होने के बाद दोनों सुपरफास्ट ट्रेनों के रवाना होने के बाद समाजसेवियों ने 54315 रेवाड़ी हिसार पैसेंजर व 54790 बीकानेर रेवाड़ी पैसेंजर के यात्रियों को भी पेयजल उपलब्ध करवाया।

सतनाली मंडी। स्टेशन पर यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था में जुटे स्वयंसेवक।

नियुक्ति

प्रदेश सरकार ने पांच नई सदस्यों की नियुक्ति की

हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य बनी भारती सैनी, लिस्ट में पहला ही नाम

अन्य सदस्यों में सुनीता लोचाब, सुमन सेहजादवाला, डॉ. अनुकम्पा गर्ग और सुनीता चौहान शामिल हैं

- आदेश 10 जून 2026 को चंडीगढ़ से जारी हुआ और संबंधित अधिकारियों को भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं नगर परिषद नारनौल की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी को नायब सरकार ने नई जिम्मेवारी सौंपी है। भारती सैनी को हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य बनाया है। पत्र में पांच सदस्या है। इनमें सबसे पहला नाम भारती सैनी का है। जब यह पत्र शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

पहला नाम भारती सैनी

भारती सैनी।

पत्र के मुताबिक हरियाणा राज्य महिला आयोग में राज्य सरकार ने पांच नई सदस्यों की नियुक्ति की है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरियाणा के राज्यपाल ने हरियाणा राज्य महिला आयोग अधिनियम, 2012 की धारा 3 की उपधारा 2(ब) के तहत इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। नियुक्त किए गए सदस्यों में पहला नाम भारती सैनी का है। उसके बाद सुनीता लोचाब, सुमन सेहजादवाला, डॉ. अनुकम्पा गर्ग व सुनीता चौहान को का नाम लिखा है। शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि नियुक्त सदस्यों पर मुख्य सचिव कार्यालय, राजनीतिक एवं संसदीय कार्य विभाग द्वारा निर्धारित मानक शर्तें एवं नियम लागू होंगे। यह आदेश 10 जून 2026 को चंडीगढ़ से जारी किया गया। आदेश की प्रतियां मुख्य सचिव, प्रधान महालेखाकार, सभी प्रशासनिक सचिवों, पुलिस महानिदेशक, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी गई हैं।

सीएम ने स्पेशल आकर आवेदन करवाया था वापस

साल 2024 में जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव थे। तब नारनौल विधानसभा से भाजपा टिकट नहीं मिलने पर सैनी सभा ने भारती सैनी को निर्दलीय चुनाव लड़ाने का ऐलान किया था। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भारती सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जब यह बात सीएम नायब सिंह सैनी तक पहुंची तो नामांकन वापस लेने की तारीख से एक दिन पहले स्पेशल नारनौल हेलीकॉप्टर से पहुंचे। सैनी सभा में गए और समाज के लोगों से बातचीत कर नामांकन पत्र वापस लेने को कहा और भविष्य में पूरा मान सम्मान करने का आश्वासन दिया था। वहां मौजूद समाज के गणमान्य लोग व भारती सैनी ने सीएम की बात को स्वीकारा और अगले ही दिन नामांकन पत्र वापिस लिया गया। अब सीएम नायब सिंह सैनी ने भारती सैनी को यह पद दिया। इससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

- भारती सैनी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था

अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

मुंबई। फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

भूमि

सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।

हॉलीवुड मसाला

ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

नई दिल्ली। हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' (फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

लॉस एंजिल्स। पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

मुबई। कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।

ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

टीवी मसाला

दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

नई दिल्ली। टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

नई दिल्ली। 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशंसकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

नई दिल्ली। साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।

क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

नई दिल्ली। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाई थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

खबर संक्षेप

भाविप ने लगाई गोवंश के लिए सवामणी

नारनौल। भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में श्री गोपाल गोशाला में गोसेवा का पुनीत कार्य किया गया। यह सेवा प्रकल्प राकेश गोयल की ओर से अपनी पूज्य माता स्व. पुष्पा गोयल पत्नी मोतीलाल गोयल की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राकेश गोयल परिवार ने गोमाता के लिए हरा चारा व सब्जियों की सवामणी की। शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोमाता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है।

आईटीआई में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग प्रोटोकॉल सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य विनोद खंगवाल ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का गहन अभ्यास करवाया। योग शिविर के समापन के बाद विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

जिले का कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए: एडीसी

पल्स पोलियो और स्टॉप डायरिया अभियान की तैयारियां हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आगामी 28 से 30 जून चलाए जाने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण चरण व 16 जून से 31 जुलाई तक चलने वाले स्टॉप डायरिया कैंपेन 2026 की तैयारियों एवं कार्ययोजना के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिला टास्क फोर्स समीति की बैठक ली तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने पल्स पोलियो अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले का कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि हाईरिस्क क्षेत्रों जैसे झुग्गी झोपड़ियों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए और इसके लिए पर्याप्त संख्या में मोबाइल टीमों तथा ट्रांजिट बूथों का गठन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभागए शिक्षा विभाग और स्थानीय निकायों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही, ताकि आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके और अभियान के दिन बूथों पर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की जा सके। एडीसी ने 16 जून से 31 जुलाई तक चलने वाले स्टॉप डायरिया अभियान 2026 के संबंध में बैठक लेते हुए कहा कि मानसून के मौसम के मद्देनजर जलजनित बीमारियों व डायरिया की रोकथाम के लिए समय रहते पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और पानी के स्त्रोतों की नियमित क्लोरिनेशन एवं सैंपलिंग की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों, नागरिक अस्पतालों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट और जिंक टैबलेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से तुरंत निपटा जा सके और बच्चों को कुपोषण व डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य से जुड़े इन अभियानों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर बिजली निगम से कार्यकारी अभियंता शिवराज सिंह, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रण अधिकारी सावित्री बाई, उप सिविल सर्जन डॉ. नरेन्द्र व डॉ. पंकज, एसएमओ डॉ. अंजली सैनी, एसएमओ डॉ. जयप्रकाश, एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सांगवान, डॉ. मनीष, डॉ. प्रभा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

नारनौल। बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

ओआरएस कैसे तैयार करें: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि ओआरएस तैयार करने के लिए सबसे पहले अपने हाथों को साबुन से धोएं, पैकेट में से सारा ओआरएस पाउडर एक बर्तन में डालें। इसे तब तक मिलाएं जब तक की सारा ओआरएस पाउडर पूरी तरह से घुल जाए, ओआरएस घोल को ढक्कन वाले कंटेनर में सुरक्षित स्थान पर रखें तथा 24 घंटे के अंदर ओआरएस का सेवन करें।

28 से 30 जून तक चलेगा पल्स पोलियो

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि आगामी 28 से 30 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में लगभग एक लाख चार हजार 500 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। इसके लिए जिला में 666 बूथ बनाए गए हैं। इसमें पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो खुराक दी जाएगी। 28 जून को जिले में बनाए गए बूथ पर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी तथा 29 व 30 जून को डोर टू डोर अभियान चलाकर बच्चों को ड्रॉप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान में 616 फिक्स बूथ, 25 ट्रांजिट टीम व 25 मोबाइल टीमें होंगी।

मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में लड्डू बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जश्न, बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

हरियाणा में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए हुए बड़े समझौते के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के कार्यालय अटेली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर इस पहल का स्वागत कर लड्डू बांटकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और मेदांता फाउंडेशन के बीच हुए इस समझौते से अटेली क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार होगा। खासतौर पर अटेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बैड के उपमंडलीय अस्पताल में अपग्रेड किए जाने की घोषणा से स्थानीय लोगों में उत्साह है। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने जा रही हैं। अब गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी।

ये रहे मौजूद

स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव, पीए गोविंद गोस्वामी, अटेली नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, सतीश डीएसपी, घनश्याम शर्मा, हिमांशु गोयल, पूर्व सरपंच सतवीर सुजापुर, पार्षद अंशुल गोयल, पार्षद प्रतिनिधि आनंद शर्मा, जितेंद्र मास्टर, राजपाल व भूपेंद्र सरपंच आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीआईपी व्यवस्थाओं के साथ पूरी हुई सोमनाथ यात्रा से खुश नजर आए श्रद्धालु

- महेंद्रगढ़ जिला के 54 श्रद्धालुओं ने सोमनाथ यात्रा के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आठ जून को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 1100 श्रद्धालुओं की स्पेशल ट्रेन को कुरुक्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर गुजरात के सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए रवाना किया था। सोमनाथ यात्रा में महेंद्रगढ़ जिला से 54 श्रद्धालु रेवाड़ी स्टेशन से शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान सोमनाथ के दर्शन किए।

दर्शन करने के बाद शुक्रवार को सभी श्रद्धालु यात्रा पूरी करके सकुशल वापसी अपने घर पहुंचे। तीर्थ यात्रियों ने बताया कि यह सरकार की अनूठी योजना है कि उनको फ्री में तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब लोगों की भी धार्मिक भावनाओं और आस्था को समझा है। यात्रा के दौरान सरकार द्वारा की गई वीआईपी व्यवस्थाओं को देखकर सभी यात्रियों ने भाव विभोर होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। सोमनाथ तीर्थ यात्रा से वापिस लौटे श्रद्धालु बोले कि हम सौभाग्यशाली हैं, जो सरकार की इतनी अच्छी व्यवस्थाओं के बीच बिना किसी खर्च के पहले ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके आए हैं।

नारनौल। यात्रा पूरी करके रेवाड़ी जंक्शन पर पहुंचे श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

नारनौल। मोती नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। संयोजक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कथा व्यास आचार्य रघुराज शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, कालिय नाग दमन, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा व इंद्र के अहंकार भंजन की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण जीवन मानव समाज को धर्म, प्रेम, करुणा और लोककल्याण का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि भगवान ने बाल्यकाल से ही अनेक राक्षसों का संहार कर यह संदेश दिया कि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है। आचार्य ने बताया कि कंस के आदेश पर पूतना बालकृष्ण को विषपान कराने के उद्देश्य से गोकुल पहुंची थी, लेकिन भगवान ने उसके प्राण हरकर उसे भी मोक्ष प्रदान कर दिया। इससे यह शिक्षा मिलती है कि भगवान अपने शत्रुओं का भी कल्याण करते हैं। इसके पश्चात कालिय नाग दमन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब कालिय नाग के विष से यमुना का जल दूषित हो गया था और समस्त ब्रजवासी भयभीत थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने कालिय नाग के फनों पर नृत्य कर उसके अहंकार का नाश किया और यमुना को विषमुक्त किया। यह प्रसंग मनुष्य को अहंकार त्यागकर विनम्रता अपनाने की प्रेरणा देता है। कथा के मुख्य आकर्षण गोवर्धन पूजा प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को प्रकृति व गोसेवा के महत्व को समझाते हुए इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का संदेश दिया।

तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन

महेंद्रगढ़। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त के दिशा निर्देशन में एसडीएम योगेश सैनी के मार्गदर्शन में डॉ. शशि बाला जिला आयुर्वेद अधिकारी की अगुवाई में किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. सुमन ने बताया कि शिविर में महेंद्रगढ़ ब्लॉक के सभी आयुष चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, योग सहायक, योग इंस्ट्रक्टर, डीपी, पीटीआई, अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, पंच-सरपंच तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया तथा योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। डॉ. सुमन ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक दुर्बलता एवं तनाव जैसी समस्याओं में योग और आयुर्वेद की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संरक्षण के लिए पर्याप्त जल सेवन, गोंद कतीरा, नारियल पानी, सौंफ मिश्री का पानी के सेवन तथा धूप से बचाव जैसे घरेलू उपायों की भी जानकारी दी। शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करवाया

PUBLIC NOTICE

I Rajesh Kumar S/o Babulal Village Bigopur Tehsil Nangal Choudhary Distt. Mahendergarh Haryana declare that my son name recorded as Baby Two of Pooja in Aadhar Card. his real name is Varun as per his birth certificate. necessary correction as per rules.

जिला पुस्तकालय को दी साइकिल स्टैंड और वाटर कूलर की सौगात

नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य प्रबंधक देवेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। जिला पुस्तकालय के सामने स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा ने अपने सामाजिक सरोकारों व उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए जिला पुस्तकालय को एक साइकिल स्टैंड और वाटर कूलर भेंट किया। इसका लोकार्पण एसबीआई के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि एसबीआई हमेशा से ही बैंकिंग सेवाओं के साथ साथ सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। सिंह ने बताया कि यह संपूर्ण कार्य बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अर्थात सीएसआर के तहत जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर किया गया है। पुस्तकालय में आने वाले पाठकों और विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैंक प्रबंधन द्वारा इस बुनियादी आवश्यकता को पूरा किया गया है, जिससे अब यहां आने वाले लोगों को शीतल जल के साथ साथ अपने वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने की उत्तम सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब वह पुस्तकालय में गए, तो उन्होंने वहां पर मौजूद विद्यार्थियों से बातचीत की, विद्यार्थियों ने यहां इन चीजों की कमी बताई। इस पर बैंक प्रबंधन ने तुरंत जिला पुस्तकालय को यह सौगात देने का निर्णय लिया।

सीएम विंडो पर आने वाली सभी शिकायतों का तुरंत करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार की ओर से नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से संचालित सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा को लेकर शहरी स्थानीय निकाय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीना ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशानिर्देश दिए। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है तथा इस पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के निवारण को लेकर अगर किसी अधिकारी द्वारा ढिलाई बरती गई, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसलिए कोई भी अधिकारी किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जो विभाग अपने से संबंधित शिकायत पर जो भी कार्रवाई करता है, उसकी एटीआर अवश्य अपलोड करें। संबंधित शिकायतों की अधूरी एटीआर भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पुरानी लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इन शिकायतों को अगले एक सप्ताह में दूर किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नारनौल। वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

जिला संयोजकों की घोषणा, 14 जून को महेंद्रगढ़ में बनेगी महारणनीति

महेंद्रगढ़। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेशभर में ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा में जिला स्तरीय टीम का गठन कर दिया गया है। योग दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला संयोजकों और 120 ब्लॉक कन्वीनरों की नियुक्तियां की गई हैं। हरियाणा के प्रदेश संयोजक डॉ. भंवर सिंह कसाना और सह-संयोजक डॉ. धर्मवीर योगाचार्य ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस को जन-आंदोलन बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कमेटियां गठित की गई हैं। 14 जून को महेंद्रगढ़ में होगा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रदेश नेतृत्व ने बताया कि आगामी 14 जून को स्वामी ब्रह्मानंद प्राकृतिक चिकित्सालय महेंद्रगढ़ में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

आम सभा की बैठक की सूचना

आप सभी सदस्यगण को दी नांगल दर्गु बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड, नांगल दर्गु की ओर से अवगत कराया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29–06–2026 को प्रातः 11.00 बजे समिति कार्यालय में होनी निश्चित की गई है।
अतः आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लें।
बैठक का एजेंडा निम्नानुसार है।
1. समिति की वार्षिक आम सभा की गत बैठक दिनांक 21.11.2025 की पुष्टि करने बारे।
2. समिति की ऑडिट रिपोर्ट तथा वर्ष 2025–2026 की समीक्षा करने बारे।
3. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराना।
4. चालू वित्त वर्ष 2026–27 में किए जाने वाले क्रियाकलापों के बारे में चर्चा करना।

प्रबंधक, दी नांगल दर्गु बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड

आम सभा की बैठक की सूचना

आप सभी सदस्यगण दी नांगल चौधरी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड, नांगल चौधरी की ओर से अवगत कराया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29–06–2026 को प्रातः 11 बजे समिति कार्यालय में होनी निश्चित की गई है।
अतः आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लें।
बैठक का एजेंडा निम्नानुसार है।
1. समिति की वार्षिक आम सभा की गत बैठक दिनांक 21.11.25 की पुष्टि करने बारे।
2. समिति की ऑडिट रिपोर्ट तथा वर्ष 2025–2026 की समीक्षा करना।
3. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराना।
4. चालू वित्त वर्ष 2026–27 में किए जाने वाले क्रियाकलापों के बारे में चर्चा करना।

प्रबंधक, नांगल चौधरी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड

आम सभा की बैठक की सूचना

आप सभी सदस्यगण को दी ढाणी मामराज बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड, ढाणी मामराज की ओर से अवगत कराया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29–06–2026 को दोपहर 02.30 बजे समिति कार्यालय में होनी निश्चित की गई है।
अतः आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लें।
बैठक का एजेंडा निम्नानुसार है।
1. समिति की वार्षिक आम सभा की गत बैठक दिनांक 29.09.2025 की पुष्टि करने बारे।
2. समिति की ऑडिट रिपोर्ट तथा वर्ष 2024–2025 की समीक्षा करने बारे।
3. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराना।
4. चालू वित्त वर्ष 2026–27 में किए जाने वाले क्रियाकलापों के बारे में चर्चा करना।

प्रबंधक, दी ढाणी मामराज बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड

कार्यक्रम समारोह में अधिवक्ताओं ने न्यायिक योगदान और प्रेरक व्यक्तित्व की सराहना की

वकालत एक नोबल प्रोफेशन है, इसे ईमानदारी के साथ निभाइए: जस्टिस शेखावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बार एसोसिएशन के न्यू बार रूम में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह एवं अधिवक्ता सम्मेलन अत्यंत गरिमापूर्ण, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के जस्टिस नरेश सिंह शेखावत रहे। जिनके आगमन से समूचा सभागार उत्साह व गौरव की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जस्टिस नरेश सिंह शेखावत के जिला बार एसोसिएशन पहुंचने पर प्रधान संतोख सिंह यादव, उप प्रधान विकास सांगवान, संयुक्त सचिव चंद्र देव यादव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह व लाइब्रेरियन परमिंद्र यादव सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर जसवीर ढिल्लो एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह ढिल्लो एडवोकेट, महाबीर किरोड़ीवाल, प्रदीप यादव, करण सिंह यादव भोजवास एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं ने जस्टिस शेखावत का स्वागत करते हुए उनके न्यायिक अनुभव, सरल व्यक्तित्व तथा विधि जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष, परिश्रम एवं उत्कृष्टता का प्रेरक उदाहरण है।

नारनौल। जस्टिस नरेश सिंह शेखावत को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जस्टिस ने भी किया सहयोग

जस्टिस ने जिला बार एसोसिएशन के प्रति अपना स्नेह एवं सहयोग व्यक्त करते हुए बार के सभागार के लिए 10 टन क्षमता का एयर कंडीशनर व एक माइक सेट भेंट करने की घोषणा की। अंत में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह यादव ने स्मृति चिह्न भेंट किया। उन्होंने जस्टिस नरेश सिंह शेखावत का बार एसोसिएशन में पधारने, अपने बहुमूल्य अनुभवों एवं प्रेरणादायी विचारों से अधिवक्ता समुदाय का मार्गदर्शन करने तथा बार के विकास हेतु किए गए सहयोग की घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया।

17 किलोमीटर लंबे मार्ग की हालत दयनीय, बने हैं 24 ब्रेकर, मरीजों को आवागमन में होती है भारी परेशानी

कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे: यहां एक्सीलेटर कम, ब्रेक लगते हैं ज्यादा

दलीप सिंह ▶▶ कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग कहने को स्टेट हाईवे है। जिस पर यातायात दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग के फोरलेन की अहम आवश्यकता बन चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत में यह मार्ग बदहाल लिंक मार्ग से भी बदतर अवस्था में है। महज 17 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में 24 स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं। जिससे इस पर सफर करना अब सुगम यात्रा नहीं, बल्कि बहुत दुर्गम हो चुकी है। जिस पर वाहन चालकों की ओर से गहन सावधानी बरतने की जरूरत है। लोक निर्माण विभाग की ओर से खंडित हो रहे इस हाईवे पर स्पीड ब्रेकरों का जाल बिछाया हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए ये ऊंचे ऊंचे ब्रेकर वाहनों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं, छह पॉइंट पर बने ओवरसाइज स्पीड ब्रेकर सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं।

दूसरी ओर इस हाईवे की सबसे दर्दनाक तस्वीर आपातकालीन स्थिति में देखने को मिलती है। एंबुलेंस चालकों का कहना है कि गंभीर मरीजों या सडक दुर्घटना में घायल लोगों के लिए शुरूआती एक घंटा, गोल्डन ऑवर बेहद कीमती होता है, जिसमें मरीज की जान बचाई जा सकती है, लेकिन इन अनगिनत और अवैध स्पीड ब्रेकरों के कारण एंबुलेंस अपनी सामान्य रफ्तार भी नहीं पकड़ पाती। हिचकोले खाती एंबुलेंस में तड़पते मरीजों के लिए लोक निर्माण विभाग के ये ब्रेकर कई बार जान पर भारी पड़ जाते हैं। सड़क की दयनीय हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी लीकेज साइफन से उन्हाणी गांव के समीप का करीब 200 मीटर का सड़क मार्ग पिछले लंबे समय से पूरी तरह खंडित पड़ा है, जहां घटित हुए हादसे में एक साथ चार युवकों की जान जा चुकी है। लीकेज के कारण यहां गड्ढे बन चुके हैं, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया है। यह स्टेट हाईवे अब विकास की नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर से किए जा रहे दावों की पोल खोल रहा है। स्थानीय निवासियों व वाहन चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन ओवरसाइज ब्रेकरों को हटाकर सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

कनीना। स्टेट हाईवे पर बना स्पीड ब्रेकर पार करता भारी वाहन, ब्रेकर पार करता बाइक चालक तथा बदहाल सड़क।

ग्रामीणों की मांग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्विनी कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे नम्बर 24 पर सम्बंधित ग्रामीणों की मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इनके आसपास यदा कदा घटित सड़क दुर्घटना को लेकर प्रोटेस्ट करते लोगों की ओर से यहीं कहा जाता रहा है कि यहां पर स्पीड ब्रेकर होता, तो सड़क हादसा बच सकता था। ओवरसाइज स्पीड ब्रेकरों व खंडित सड़क को ठीक किया जाएगा।

शहर से लेकर गांवों तक बिजली संकट, दिन-रात लग रहे अघोषित कट

नारनौल में बिजली व्यवस्था बेपटरी, पॉवर कट के बीच लोग गर्मी व उमस से बेहाल

शिकायतों के बाद भी नहीं हो रहा समाधान 1912 हेल्पलाइन ने भी जताई असमर्थता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भीषण गर्मी के बीच शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई नजर आ रही है। बिजली निगम भले ही निर्बाध आपूर्ति और अघोषित कट नहीं लगाने के दावे कर रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में दिन और रात किसी भी समय बिजली गुल हो रही है, जिससे लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लगातार लग रहे बिजली कटों के कारण लोगों को गर्मी, उमस और मच्छरों के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है।

रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश नगर निवासी अनीता ने बताया कि बुधवार शाम करीब आठ बजे उनके क्षेत्र में बिजली चली गई। लगभग आधे घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन नौ बजे फिर बिजली गायब हो गई। इसके बाद पूरी रात बिजली के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। परेशान होकर उन्होंने रात 9 बजकर 1 मिनट पर बिजली शिकायत केंद्र 1912 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। एक घंटे बाद भी बिजली नहीं आने पर रात 10 बजकर 4 मिनट पर दोबारा शिकायत करनी पड़ी।

अनीता के अनुसार शिकायत केंद्र चंडीगढ़ से उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हेल्पलाइन कर्मियों ने यहां तक कह दिया कि अगले आठ घंटे तक बिजली बहाल होने के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। दूसरी ओर लाइनमैन ने बताया कि वे स्वयं पावर हाउस में बैठे हैं और सप्लाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। करीब आधे घंटे बाद बिजली आई, लेकिन रात करीब डेढ़ बजे फिर से बिजली चली गई और लगभग आधे घंटे तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा।

नारनौल। सिंघाना रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

पॉवर कट की वजह से लोगों को रात में नहीं मिल रही पर्याप्त नींद, दिनभर महसूस करते हैं थकान

गांवों में भी स्थिति खराब

बिजली संकट केवल शहर तक सीमित नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कम चिंताजनक नहीं हैं। विभाग की ओर से गांवों में प्रतिदिन 16 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में भी बार-बार कट लगाए जा रहे हैं। इससे किसानों, पशुपालकों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रामेश्वर, जिलेसिंह, मनफूल आदि ग्रामीणों का कहना है कि लंबे कटों के कारण घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं और रात के समय पर्याप्त नींद भी नहीं मिल पा रही है। लोग दिनभर थकान और चिड़चिड़ापन महसूस कर रहे हैं।

पानी की सप्लाई पर भी पड़ा असर

बिजली संकट का असर अब पेयजल आपूर्ति पर भी दिखाई देने लगा है। शहर के कई इलाकों में सुबह के समय बिजली नहीं होने के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है। समय पर मोटरें नहीं चल पाने से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। कई परिवारों को पानी संग्रह कर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं।

रामौतार, ओमप्रकाश, सजना, सुमन आदि लोगों का कहना है कि एक तरफ भीषण गर्मी और उमस है, दूसरी ओर बिजली और पानी दोनों की समस्या ने जीवन को कठिन बना दिया है। रात में बिजली नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी होती है।

आंधी और बरसात से बढ़े फाल्ट

हालांकि गुरुवार शाम क्षेत्र में चली आंधी और हुई हल्की बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन बिजली व्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। बिजली लाइनों में फाल्ट आने की घटनाएं बढ़ गईं, जिससे कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित हुई। नारनौल बिजली शिकायत केंद्र के कर्मचारियों ने भी माना कि लाइनों में फाल्ट आने के कारण बिजली कटती है। हालांकि बार-बार बिजली गुल होने के कारणों की स्पष्ट जानकारी उनके पास भी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी।

सोशल मीडिया पर भी फूटा लोगों का गुस्सा

बिजली कटों से परेशान लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू कर दिया है। एक उपभोक्ता ने लिखा कि मोहल्ला सलामपुरा में सुभाष स्टेडियम के पास दोपहर तीन बजे से बिजली नहीं है और विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा। वहीं रेलवे रोड क्षेत्र के लोगों ने पांच घंटे तक बिजली नहीं आने की शिकायत सोशल मीडिया पर साझा की। शुक्रवार सायं करीब 8 बजे रेवाड़ी रोड मारूति शोरूम के पास रहने वाले एक उपभोक्ता ने बिजली शिकायत वॉट्सअप नंबर पर बताया कि 3 बजे से बिजली नहीं आ रही।

लगातार बढ़ती शिकायतों से साफ है कि शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली व्यवस्था लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। लोगों का कहना है कि बिजली कब चली जाए और कब आए, इसका कोई निश्चित समय नहीं है।

यह बोले अधिकारी

बिजली निगम के एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर फाल्ट आने के कारण कई बार बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आंधी, बारिश और मौसम में बदलाव के दौरान बिजली लाइनों में तकनीकी खराबियां आने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में फाल्ट दूर करने और बड़े नुकसान से बचने के लिए कई बार एहतियातन बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि निगम की टीमें लगातार फाल्ट ठीक करने में जुटी रहती हैं और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

न्यूज डायरी

50 बेड का अस्पताल बनने से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती : कोटिया

कनीना। हरियाणा में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेदांता फाउंडेशन पुअर एंड नीडी पेशेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट के साथ किए गए समझौते का आमजन ने स्वागत किया है। इसके तहत जिले के अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बेड वाले उप मंडल अस्पताल के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद रेवाड़ी के मीरपुर व गुरुग्राम के फर्रुखनगर में भी ऐसे ही सुधार किए जाएंगे। मार्केट कमेटी कनीना के चेयरमैन जेपी यादव कोटिया ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व मेदांता फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान के बीच अधिकारियों की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण फैसला हुआ है। जेपी कोटिया ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का यह ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दर में उल्लेखनीय सुधार होगा और लाखों की आबादी को घर के नजदीक ही बेहतरीन सेवाएं मिलेंगी।

अटेली में उपमंडल अस्पताल बनने से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और बेहतर : विकास

नारनौल। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में आए दिन इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जब वीरवार को मेदांता फाउंडेशन के साथ एमओयू किया तो अटेली को 50 बैड का उपमंडल अस्पताल मिल गया। अब इस कार्य में तेजी आएगी और जल्द ही इसकी शुरूआत होगी। ऐसा होने से अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अपग्रेडेशन और संचालन को मजबूती मिलेगी। यह बात शुक्रवार राव इंद्रजीत समर्थक युवा नेता विकास यादव बड़कोदा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा तथा लोगों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। इस व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य विभाग भवन, दवाइयां, लैब और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, जबकि मेदांता फाउंडेशन तकनीकी विशेषज्ञता, आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षण और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग देगा।

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से लोगों को मिलेगा फायदा : विजय सिंह

मंडी अटेली। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और मेदांता फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता अटेली क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस समझौते के तहत अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर 50 बिस्तरों वाले उप-मंडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इस महत्वपूर्ण पहल पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौगड़ा अहीर ने खुशी जाहिर करते हुए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अटेली क्षेत्र लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग कर रहा था और अब यह सपना साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने इस निर्णय को जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की। अब लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

पुलिस अधीक्षक से मिलकर की नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की मांग

नारनौल। धानक जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने पुलिस अधीक्षक दीपक से मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रचलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने व नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। संदीप खरकिया ने कहा कि नशा समाज, विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अनेक परिवार प्रभावित हो रहे हैं। युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ऐसे में प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर इस बुराई के खिलाफ अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि नशा बेचने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा गांव-गांव और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और किसी भी कीमत पर नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

संक्षेप समाचार

कैम्प लगा कर टीबी मरीजों की जांच

सतनाली मंडी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारड़ा में टीबी जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान वेनरेबल पॉपुलेशन के लोगों की टीबी संबंधी जांच की गई तथा उन्हें बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव व रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

बाबा मुकंददास गोशाला में खिलाया हरा चारा

नारनौल। सेवा का संकल्प ले लगातार सेवा जारी के मूल मंत्र के साथ क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक सरोकार की एक और अनूठी मिसाल पेश की है। युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की टीम ने संयुक्त रूप से नांगल चौधरी स्थित बाबा मुकंददास गोशाला में गोसेवा अभियान चलाया। इस दौरान संस्था से जुड़े युवाओं ने गोशाला पहुंचकर बेसहारा व बीमार गायों की देखभाल की और उन्हें हरा चारा खिलाया। इस पुनीत कार्य में टीम के सक्रिय सदस्य योगेश सैनी, रविंद्र, विवेक, कुलदीप सैनी, भवानी, वंश, मासूम सैन, राजेश ने अपनी सेवाएं दी।

जैलाफ स्कूल में छात्रों को करवाया योगाभ्यास

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जैलाफ में प्राचार्य लोकेश कुमार के मार्ग दर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर छात्रों को योगाभ्यास करवाया गया तथा यूथ एवं ईको समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पीटीआई राकेश कुमार व यूथ एवं ईको क्लब इंचार्ज धर्मसिंह के नेतृत्व में युवाओं को योगाभ्यास करवाया गया। नर्सरी कोच मनदीप ने युवाओं को योगासनों के लाभ से अवगत करवाया। पीटीआई राकेश कुमार ने विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाया। ईको समर केंप के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

राजकीय कॉलेज में हुआ योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न योग गतिविधियों एवं योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेड क्रॉस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के साथ-साथ युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

नाबालिगों को तलाशने वाले सम्मानित

नारनौल। पुलिस अधीक्षक दीपक ने अपने कार्यालय में छह पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन सभी अनुसंधानकर्ताओं ने पिछले महीने सराहनीय व त्वरित कार्रवाई करते हुए बहुत ही कम समय में गुमशुदा नाबालिग बच्चों को सकुशल ढूंढ निकाला और उन्हें उनके परिजनों से मिलाया था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने इन पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों से जुड़े मामले बेहद संवेदनशील होते हैं और ऐसे मामलों में समय रहते की गई कार्रवाई सबसे महत्वपूर्ण होती है। पुलिस अधीक्षक दीपक ने कहा कि पुलिस विभाग में उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को समय समय पर इसी तरह सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा।

बीएलए-2 की कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

महेंद्रगढ़। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में 69-महेंद्रगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलए-2 की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा और महत्वपूर्ण तिथियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान निर्वाचन कानूनगो पूनम ने उपस्थित बीएलए-2 को प्रशिक्षण देते हुए बताया की 15 जून से 14 जुलाई तक तक सभी बीएलओ घर-घर जाकर संबंधित मतदाताओं को 'इन्यूमरेशन फॉर्म' वितरित करेंगे।

आधुनिक तकनीक से बढ़ेगी किसानों की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके फलदार पौधे, फूलों, मसालों, संरक्षित खेती आदि और बेल वाली सब्जियों की खेती से किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं। यह बात विधायक ओमप्रकाश यादव ने अपने कार्यालय में केंद्र सरकार के 12 साल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदेशव्यापी व्यापक प्रचार अभियान के तहत आयोजित बैठक में कही। विधायक ओमप्रकाश यादव ने जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार के साथ विभाग की विभिन्न स्कीमों की समीक्षा की। जिसमें मुख्य रूप से मशरूम की खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने वित्तीय वर्ष के लाभार्थियों और विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 30 गुणा 20 फुट की लो कोस्ट मशरूम हट बनाने पर आने वाले 30 हजार के खर्च पर अनुसूचित जाति के किसानों को 85 प्रतिशत और सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत का भारी अनुदान दिया जा रहा है।

हकेंवि में ऑनलाइन पंजीकरण तिथि बढ़ाई

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले के लिए पंजीकरण की तिथि 12 जून से बढ़ाकर अब 19 जून कर दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण में संशोधन के लिए आगामी 20 से 21 जून तक करेक्शन विंडो अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

हत्याकांड घरेलू कलह के दौरान खूनी वारदात के एक आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चेलावास में जेठ ने लट्ठ मारकर की थी छोटे भाई की पत्नी की हत्या

- एसडीजेएम कोर्ट ने पकड़े गए आरोपी अमित को एक दिन के रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव चेलावास में बुधवार रात्रि घटित महिला की हत्या की वारदात में पुलिस ने एक हत्यारोपित को कनीना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान अमित वासी चेलावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को एसडीजेएम कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड की मांग की। जहां कोर्ट ने उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस की ओर से हत्यारोपित से हत्या में प्रयुक्त लाठी व डंडे बरामद किए जाएंगे। बता दें कि घरेलू विवाद और रुपयों के लेनदेन के चक्कर में एक शराबी जेठ अमित ने अपने ही छोटे भाई की पत्नी के सिर पर लट्ठ मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपित और उसके एक साथी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतका अंजली के पति मनोज वासी चेलावास ने बताया कि उसका बड़ा भाई अमित उर्फ गरडू शराब पीने का आदी है। दोनों भाई एक ही मकान में रहते हैं। वारदात वाले दिन शाम करीब ठह बजे अमित अत्यधिक शराब के नशे में घर आया और पत्नी अंजली से पैसों की मांग करने लगा। जब अंजली ने पैसे देने से इंकार किया, तो अमित आगबबूला हो गया। अमित ने आरोप लगाया कि मनोज पुत्र राजपाल उससे 30 हजार रुपये मांगता है और वहीं उसे शराब पिलाता है। इसी रंजिश व रुपयों के विवाद को लेकर अमित ने अंजली के साथ झगड़ा करते हुए सिर पर लट्ठ दे मारा। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण अंजली लहूलुहान होकर गिर पड़ी। जिस पर आनन फानन में घायल अंजली को लेकर उप नागरिक अस्पताल कनीना पहुंचे, लेकिन अस्पताल लाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक महिला के पति मनोज ने पुलिस को बताया कि इस पूरी वारदात के पीछे मनोज पुत्र राजपाल का हाथ है। वह पहले भी तीन चार अमित को पुलिस के चंगुल से छुड़वा चुका है और वही इस हत्या का मुख्य मास्ट रमाइंड है। उसकी शह पर अमित ने अंजली की हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

कनीना। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हत्यारोपित। फोटो : हरिभूमि

अंजली की मां ने पति समेत 4 पर लगाए आरोप

ईधर अंजली की हत्या को लेकर मृतका की मां ने भी पुलिस को लिखित शिकायत देकर पति सहित चार व्यक्तियों पर आरोप जड़ते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी रामनगर जंगल की रहने वाली नीतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अंजली की शादी साल 2021 में चेलावास निवासी मनोज कुमार पुत्र कपूर सिंह के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया गया था, शादी के बाद अंजली ने बेटे को जन्म दिया, जो अब तीन वर्ष का है। उनका आरोप है कि अंजली का पति मनोज व जेठ अमित शराब पीने के आदी हैं तथा वे लगातार दहेज के लिए अंजली को प्रताड़ित कर रहे थे। एक महीने पहले भी पीड़िता के परिवार ने 20 हजार रुपये नकद दिए थे।